आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 24.05.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।
- देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के दर्शन किए।
- गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी स्नान को लेकर हरिद्वार पुलिस और जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कीं।
- **और** वन विभाग जंगलों में आग लगाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायेगा।

**मुख्यमंत्री पुश्कर**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके इसके लिए राज्य सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। हल्द्वानी में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाओं को लगातार मजबूत कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन के साथ–साथ साहसिक पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम को लेकर कहा कि इस समय प्रदेश के सामने पेयजल, वनाग्नि, स्वास्थ्य सेवाएं और बिजली आपूर्ति बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वय से गर्मी के इस सीजन को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाएगा।

**मुख्य चुनाव आयुक्त**

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम पहुंचकर मां यमुना के दर्शन किए। पूजा–अर्चना के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने धाम परिसर का निरीक्षण किया और यात्रा व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

**बद्रीनाथ धाम व हेमकुंड यात्रा**

19 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है, और लाखों श्रद्धालु धामों के दर्शन के लिए उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। 30 दिनों में 5 लाख 57 हजार से अधिक तीर्थ यात्री बद्री विशाल के दर्शन कर चुके हैं, जबकि हेमकुंड साहिब में 7 हजार से अधिक श्रद्धालु अब तक मत्था टेक चुके हैं ।

चमोली पुलिस–प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि बद्रीनाथ व हेमकुंड यात्रा में लगातार श्रद्धालुओं की वृद्धि हो रही है।

उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं।

वहीं पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने कहा कि पुलिस – प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं ।

## गंगा दशहरा

गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी स्नान को लेकर हरिद्वार पुलिस और जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली है। मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह ने मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस फोर्स की बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र को विभिन्न सेक्टर में बांट दिया गया है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये हैं।

वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने एसपी सिटी अभय सिंह को मेले का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र को 2 सुपर जोन, 11 जोन और 27 सेक्टर में विभाजित किया है।

## पेट्रोल एवं डीजल

चमोली जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी गौरव कुमार लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि आईओसीएल एवं एचपी के सेल्स अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पेट्रोल एवं डीजल के नियमित लोडर जिले में पहुंच रहे हैं और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने जिलेवासियों एवं यात्रियों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार आपूर्ति व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहा है और आवश्यकतानुसार समन्वय स्थापित कर ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## वनाग्नि

प्रदेश में लगातार बढ़ रही वनाग्नि की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए

वन विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ा दी है और लोगों से जंगलों में आग से बचाव को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है। वन विभाग अब वन क्षेत्रों, नापखेतों और आसपास के क्षेत्रों में आग लगाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वहीं संभागीय वन अधिकारी पौड़ी गढ़वाल महातिम यादव ने कहा कि जिले में कई मामलों में आग नापखेतों और आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंच रही है, जिससे नुकसान की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में आग लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर नई टिहरी जिला मुख्यालय के आसपास स्थित बूढ़ोगी, चवाल खेत और विभिन्न पिकनिक स्पॉट क्षेत्रों के जंगलों में भीषण आग से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## ग्लेशियर टूटने

चमोली जिले के बद्रीनाथ के समीप कंचन गंगा में ग्लेशियर टूटने से यातायात एवं आम जनजीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रशासन क्षेत्र का लगातार निगरानी कर रहा है , स्थिति पूर्णतः सामान्य है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि हिमस्खलन से किसी प्रकार की जनहानि व संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है।